वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 351 | गुरुवार 20 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राजस्थान रॉयल्स ने खेल मंत्री से माफी मांगी

## चांदना ने सील कराया था VIP स्टैंड; हंगामे के बाद रटर स्टेडियम में IPL मैच शुरू



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सुबह से लेकर शाम तक गहमागहमी के बाद आखिरकार सवाई मान सिंह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग का मैच शुरू हो पाया, इससे पहले स्टेडियम में बनाए गए VIP स्टैंड को सील करने के बाद पास-टिकट धारकों को एंट्री नहीं मिली थी, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ था। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर कुंवर राष्ट्रदीप फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे तो खेल मंत्री अशोक चांदना से नोकझोंक भी हो गई थी। करीब 45 मिनट तक दोनों के बीच बंद कमरे में बात हुई, जिसके बाद VIP स्टैंड की सील खोलने पर सहमति बनी।

### टिकट लेने वालों को नहीं मिली थी एंट्री

खेल मंत्री चांदना ने कहा- राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट ने माफी मांगी है, जिसके बाद दर्शकों के लिए VIP स्टैंड को खोल दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मुझे बताया कि राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट आज ही परमिशन के लिए अप्लाई करना चाहता था। ऑफिस टाइमिंग खत्म होने की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। उधर, गेट का ताला खुलने के बाद VIP स्टैंड की सीटों पर कब्जा जमाए चांदना के समर्थकों से कुर्सियां खाली कराई गईं। इसके लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पास-टिकट धारक अपनी-अपनी सीट पर बैठ पाए। इससे पहले VIP स्टैंड में खेल मंत्री के समर्थक जुट गए थे। वहां की सीटों पर वही काबिज थे। यहां के लिए टिकट खरीदने वाले बाहर भटक रहे थे। मौके पर तनाव की स्थिति थी।

### अवैध निर्माण कराया है RCA ने

स्टेडियम में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट ने VIP स्टैंड का निर्माण कराया, इसकी शिकायत खेल मंत्री अशोक चंदना को मिली थी वो मंगलवार शाम को मौके पर पहुंचे थे और निर्माण को अवैध बताते हुए सील कराने की धमकी दी थी। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे चांदना फिर पहुंचे। उन्होंने RCA और राजस्थान रॉयल्स पर अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाया था।

### शाम सवा चार बजे डाल दिया गया था ताला

शाम करीब सवा चार बजे खेल मंत्री के निर्देश पर स्टेडियम में बने खेल परिषद के ऑफिस (जो स्टेडियम के वेस्ट साइड में बना हुआ है) में ताला लगा दिया गया था। यह कार्रवाई खेल विभाग ने की थी। RCA ने खेल परिषद के सामने ही अस्थायी निर्माण किया है। इसकी वजह से स्टेडियम में बने बॉक्स और वेस्ट स्टैंड की छत पर बैठकर मैच नहीं देखा जा सकेगा।

विवाद के बाद खेलप्रेमियों से गुलजार हुआ स्टेडियम



### स्टेडियम में बाउंसर देख भड़के मंत्री

सुबह खेल मंत्री चांदना स्टेडियम पहुंचे थे। मेन गेट पर बाउंसर खड़े थे। इन्हें देखते ही चांदना भड़क गए थे। उन्होंने बाउंसर को हड़काया। कहा- यह किसे डराने के लिए यहां खड़े किए गए हैं। इन्हें 1 मिनट में यहां से हटा लेना वरना मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। यह खिलाड़ियों का स्टेडियम है और उन्हें ही अंदर जाने से रोका जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। चांदना ने कहा था- RCA ने खेल परिषद के साथ हुए एमओयू का उल्लंघन किया है। स्टेडियम में निर्धारित स्थान से ज्यादा पर निर्माण कराया गया है। यह पूरी तरह से गलत है। इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। नोटिस दे दिया गया है।

### एक घंटे किया निरीक्षण

सुबह करीब 1 घंटे तक खेल मंत्री चांदना ने स्टेडियम का निरीक्षण किया था। इसके बाद चांदना ने खेल परिषद के ऑफिस में ताले लगाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसके बाद खेल विभाग के अधिकारियों ने पूरी जांच की। शाम 4:15 बजे मैच से ठीक पहले वेस्ट स्टैंड की सीढ़ियों से पहले लगे दरवाजे पर ताला लगा दिया था।

विवादों से बेपरवाह दर्शकों ने जमकर उठाया लुत्फ





## मानव परमार्द मे संलग्न रहा तो आत्मा को संसार से मुक्ति नही दिला पाएगा : प्रवर्तक सुकन मुनि महाराज



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

**जोधपुर।** व्यक्ति परमार्द मे संलग्न रहा तो इस आत्मा को मुक्ति नही मिलने वाली है । प्रवर्तक सुकन मुनि महाराज ने बुधवार को अमर नगर जैन उपासरे मे सैकड़ों श्रध्दालूओ को धर्म सभा मे सम्बोधित करते हुयें कहां कि परमात्मा ने आत्मा की उत्थान के लिये धर्म के अनेकों मार्ग बताये है । परन्तु इंसान भोग विलास राग द्वेष मोह माया मे दल दल मे इतना झकड़ चुका है कि उसे धर्म के रास्ते दिखाई नही देते है । वह वस्तुओं मे जीवन जीने की खुशिया ढूंढ रहा है जबकि संसारी वस्तुओं से सुख मिलने वाला नही है उनको त्यागने पर ही जीवन कुशहाल और आत्मा पवित्र बन सकता है। बालयोगी अखिलेश मुनि ने कहा कि मानव का जीवन क्षणभंगुर है ओर वह वस्तुओं ओर दौलत मे सुख को तलाश रहा है । जबकि दौलत से सुख नही मिलने वाला। धर्मसभा से पूर्व सुकन मुनि महाराज के भगत की कोठी हेमकिर्ती से विहार करके अमर नगर और नरपत नगर मे पधारने पर सकल जैन समाज के कानराज मुणोत,गौतम चन्द सुराणा, मुकेश मालू,राजकुमार सकलेचा,प्रवीण संचेती,मानराज सराफ,रतनलाल पारख,अनिल मोदी,दीपक सेठिया,पंकज जैन,बाबूलाल मालू आदि सभी ने संतो अगवानी की तथा धर्मसभा मे वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ निमाज की हवेली के अध्यक्ष सुरेश पारख,मंत्री सुनिल चौपड़ा,सुगन राज धारीवाल,महेन्द्र सा भंसाली, सोहनलाल मेड़तिया,राजु सा रेड़,जंवरीमल संकलेचा, सुमेरमल छाजेड़,धनराज जैन,अभिषेक चोपड़ा,रतनलाल दरड़ा आदि सभी पदाधिकारियों श्रध्दालूओ की उपस्थिति रही। प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने बताया की गुरूवार को प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज अमर नगर से शास्त्री नगर पधारते हुये भास्कर चौराहा राता नाडा मे महावीर संकलेचा के आवास पर विराजेगे व 21 अप्रेल को हनुमंत गार्डन के समीप चौरड़िया भवन मे होने वाले नव दिवस युवाचार्य मधुर मुनि के दीक्षा शताब्दी मोहत्सव और अक्षय तृतीया पारणे सुकन महाराज और उपप्रवर्तक विनय मुनि भीम के सानिध्य मे मनाये जाने वाले समारोहों पधारेंगे।

# मेगा जॉब फेयर में 750 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण और 155 को मिला रोजगार



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में जयपुर संभाग के डिप्लोमा इंजीनिरिंग के समस्त निजी एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिये मेगा जॉब फेयर का आयोजन हुआ। इस फेयर में इलेक्ट्रोनिक्स, कम्प्यूटर सांइस मेकेनिकल, सिविल, आर्किटेक्र, प्रोडक्शन, आर.ए.सी. इत्यादि ब्रांचों के 750 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जॉब फेयर में 19 कम्पनियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को औसतन सालाना 2.25 लाख का पैकेज उपलब्ध कराया गया। संभाग स्तरीय मेगा जॉब फेयर में 155 विद्यार्थियों को रोजगार मिला। संस्थान के प्रधानाचार्य सैयद मशकूर अली ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एम्प्लॉयर आफ एसोसियन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन.के. जैन रहे। जिन्होंने इस जॉब फेयर को ऐतिहासिक बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जॉब प्राप्त करने के तरीकों एवं भविष्य में उपयोग में आने वाली स्किल के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि ईएआर जॉब पोईंट की पूजा गुप्ता ने अपने सम्बोधन में छात्र छात्राओं को मोटिवेट करते हुए इंटर्व्यू के गुर सिखाए और बताया की टैलेंट के लिए नौकरी की कोई कमी नहीं बस आपको घर से बाहर निकलना होगा क्योंकि अब हम ग्लोबल सोच रखकर ही आगे बढ़ सकते हैं। प्रधानाचार्य अली ने बताया कि तकनीकी शिक्षामंत्री के निर्देशों की पालना में तकनीकी शिक्षा के उत्थान के दृष्टिकोण को देखते हुये उक्त जॉब फेयर का आयोजन हुआ। जॉब फेयर में विद्यार्थी जॉब पाकर उत्साहित नजर आ रहे थे। इस प्रकार के जॉब फेयर का आयोजन आगामी प्रत्येक बुधवार को 3मई तक करवाया जाएगा। आईआईआई सैल के सहायक निदेशकडॉ. रामकरण यादव, ने बताया कि आगामी जॉब फेयर 26 अप्रैल को आयोजित होगा। भविष्य में एम.एन.सी एवं स्थानीय कम्पनियों को आमन्त्रित कर प्लेसमेंट की संख्या बढ़ाकर डिप्लोमा के विद्यार्थियों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध करायेंगी । कम्पनियों के एच. आर प्रतिनिधियों के स्वागत के लिये आईआईआई सैल से डॉ. संजय माथुर, सहायक निदेशक, डॉ. सुनील शर्मा, सहायक निदेशक, डॉ. पी.सी. मीणा, एटीपीओ, श्रीमति निधि यादव, एटीपीओं एवं सुमित्रा कासनियां उपस्थित रहे। एटीपीओ राजेश सोनानियां ने उपस्थित एच. आर प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ज्ञेयसागर का आचार्य पदारोहण दिवस 23 अप्रैल को, मुनिश्री ज्ञातसागर का दीक्षा दिवस भी मनाया जायेगा



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरेना।** जैनाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस एवं मुनिश्री ज्ञातसागर जी महाराज का दीक्षा दिवस समारोह अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में रविवार 23 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है । सृष्टि मंगलम परिवार श्रीमहावीर जी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार परम्पूज्य सराकोद्धारक समाधिस्थ षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज ससंघ मुरेना ज्ञानतीर्थ से पद विहार करते हुए अतिशय क्षेत्र महावीर जी पहुच गए हैं । वे महावीर जी में मुख्य मंदिर के सामने सृष्टि मंगलम भवन में साधनारत हैं । आचार्य संघ में ब्र. महावीर जैन भैयाजी मुरेना एवं ब्र. नवीन भैयाजी आगरा भी संघस्थ हैं। आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी के तृतीय आचार्य पदारोहण दिवस एवं मुनिश्री ज्ञातसागर जी के तृतीय दीक्षा दिवस पर रविवार 23 अप्रैल को मांगलिक कार्यक्रमों के तहत प्रातः श्री जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजनादि होगी ।

# पान खाने से क्या लाभ होता है?



शाबाश इंडिया

आयुर्वेद, चरक संहिता, सुश्रुत संहिता आदि में पान के पत्ते को काफी स्वास्थ्यवर्धक बताया गया है. पुराने समय में राजा-महाराजा हर रात खाना खाने के बाद पान चबाना पसंद करते थे. पान के सेवन से शादीशुदा पुरुषों को कमाल के फायदे मिलते हैं. यह उनकी सेक्शुअल हेल्थ के लिए लौंग, सौंफ या इलायची के नुस्खों से बहुत ही ज्यादा कारगर उपाय साबित होता है. लेकिन पान के फायदे और भी बहुत होते हैं.

## पान के पत्ते के फायदे

देश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. अबरार मुल्तानी ने पान के पत्ते को स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक बताता है. यह हृदय के लिए बेहतरीन टॉनिक का भी काम करता है. उनके मुताबिक, इसमें एंटी-डायबिटिक, एंटी-इंफ्लामेटरी, एंटी-इंफेक्टिव, एंटी-सेप्टिक और दुर्गंध दूर करने वाले गुण होते हैं. इसके साथ इसमें सौंफ, सुपारी, इलायची, लौंग व गुलकंद मिलाने से यौन स्वास्थ्य को मजबूती भी मिलती है.

## 1. पुरुषों के लिए लौंग, सौंफ या इलायची से बहुत ज्यादा गुणकारी है 1 पान

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट के मुताबिक, 1 पान खाने से पुरुषों की सेक्शुअल लाइफ को चमत्कारिक फायदे प्राप्त होते हैं. यह लौंग, सौंफ या इलायची के किसी भी नुस्खे से बहुत ज्यादा असरदार होता है. क्योंकि, इसमें आपको इन चीजों के साथ गुलकंद और सुपारी भी मिलती हैं. पान के साथ यह सभी चीजें शादीशुदा पुरुषों के यौन स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा प्रभावशाली हो जाती हैं. इससे पुरुषों में कामेच्छा में कमी (लिबिडो), टेस्टोस्टेरोन में कमी, आदि सुधर जाता है.

## 2. कब्ज से राहत दिलाता है पान

आयुर्वेद में कब्ज के इलाज के लिए पान को काफी असरदार बताया गया है. यह शरीर में पीएच लेवल को सामान्य बनाता है और पेट की परेशानी से राहत प्रदान करता है. इसके लिए आप पान के पत्ते के टुकड़े करके एक गिलास पानी में डालकर रातभर रख दें. यह पानी अगली सुबह खाली पेट पी लें.

## 3. कटने, खुजली व जलन से राहत

डॉ. अबरार मुल्तानी का कहना है कि अगर किसी चीज से कटने, खुजली व जलन के कारण आपको समस्या हो रही है, तो आप पान के पत्ते का उपयोग कर सकते हैं. इसके एनलजेसिक गुण तुरंत राहत प्रदान करते हैं. इसके लिए पान के पत्ते का पेस्ट बनाएं और प्रभावित जगह पर लगाएं. यह त्वचा के अंदर जाकर दर्द व जलन से राहत दिलाता है.

## 4. संक्रमण या सेप्टिक से राहत

पान के पत्ते में एंटी-सेप्टिक व एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो फंगल इंफेक्शन व सेप्टिक होने से राहत देते हैं, इसके लिए आपको पान के पत्ते का पेस्ट प्रभावित जगह पर लगाना होता है। पान के पत्ते का उपयोग जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए भी किया जाता है।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

## 5. मुंह की दुर्गंध के लिए पान

पान खाने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है, इसमें काफी मात्रा में एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो मुंह की दुर्गंध का कारण बनने वाले बैक्टीरिया का खात्मा कर देते हैं. इसके अलावा यह दांतों में होने वाली कैविटी, प्लेक, सड़न, सूजन, दर्द आदि से भी राहत देता है। राजा-महाराजा अपना यौन स्वास्थ्य सुधारने के साथ मुंह की दुर्गंध भागने के लिए भी हर रात खाना खाने के बाद पान चबाना पसंद करते थे। यहां दी गई जानकारी किसी भी चिकित्सीय सलाह का विकल्प नहीं है, यह सिर्फ शिक्षित करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

# सूर्य नमस्कार व ध्यान से,राष्ट्रीय राजधानी के बच्चों को मिला दिव्य उपहार

**दिल्ली /अमृतपुरी।** G20देशों के सिविल संगठन C- 20 के प्रेरक अभियान 9-9-9 चैलेंज के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सूर्य नमस्कार व ध्यान के द्वारा नयी चेतना, उल्लास व मानसिक शांति के स्वर्णिम पृष्ठ का शुभारम्भ किया जा रहा है।यह प्रेरक अभियान विश्व की महान आध्यात्मिक व जन सेवी संत माता अमृतानंद मयी देवी, `अम्मा ´की प्रेरणा व आशीर्वाद का सुफल हैं। अम्मा को भारत सरकार ने C- 20 का अध्यक्ष मनोनीत किया हैं। माता अमृतानंद मयी मठ के अंतर्गत C- 20 के पाँच वर्किंग ग्रुप्स कार्यरत हैं। जिनमें से एक IHH है,यह दिव्य चेतना अभियान फरवरी 2023 से IHH ग्रुप द्वारा प्रारम्भ किया गया है, इसी क्रम में 7 से 9 अप्रैल 2023 की अवधि में अमृता हॉस्पिटल फ़रीदाबाद के भव्य परिसर में भी एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें हरियाणा के मुख्य मंत्री सहित 15 देशों के विशिष्ट प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इसी कार्यक्रम में हिमांशु गुप्ता IAS, निदेशक शिक्षा विभाग ने दिल्ली के सभी विद्यालयों में 999 चैलेंज आयोजित करने की घोषणा की थी। यह IHH वर्किंग ग्रुप अभियान का अंग है। जो मानव मात्र को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रुप से पूर्ण स्वस्थ करने हेतु प्रारम्भ किया गया है। 18 अप्रैल से दिल्ली में प्रारम्भ इस 9-9-9चैलेंज अभियान में हर दिन



राजधानी के विद्यालयों में, C 20 के अंतर्गत माता अमृतानंद मयी मठ के मोक्षमृत जी चैतन्य, हर्षामृत जी चैतन्य, प्रदीप गुप्ता व उनकी टीम के ऊर्जावान सदस्यों की सहभागिता हो रही है। इस प्रेरक कार्यक्रम का शुभारम्भ दिल्ली प्रदेश के शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता IAS के मुख्य आथित्य में 18 अप्रैल को किया गया। इसके अंतर्गत 9 दिनों तक दिल्ली के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन सभी विद्यार्थियों को 9 बार सूर्य नमस्कार व नौ मिनिट तक अम्मा द्वारा बताया गया विश्व शांति हेतु ध्यान कराया जा रहा है। इस श्रेष्ठ व सफल



अभियान के द्वारा बच्चों में मनोबल,एकाग्रता व शांति बढ़ेगी जो उनके समग्र व्यक्तित्व के विकास हेतु अत्यंत लाभ प्रद होगी।फरवरी 2023 से सारे विश्व भर में प्रारम्भ इस अभियान के द्वारा इंटरनेशनल योग दिवस 21जून से पहिले, 10 लाख लोगों को योग, ध्यान व सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## वेद ज्ञान

### लोग क्या कहेंगे?

हर व्यक्ति की आकांक्षाएं, सपने, इच्छाएं और शौक होते हैं। कई बार व्यक्ति के शौक उसके व्यक्तित्व के विपरीत होते हैं। मसलन साधारण रूप-रंग वाले भी मॉडलिंग और फिल्म जगत में अपना नाम कमाने की इच्छा रखते हैं, लेकिन कई यह सोचकर इस बात को अपने दिल के कोने में दबा देते हैं कि उनकी इस इच्छा को देखकर लोग उनके बारे में क्या कहेंगे? इसी तरह यदि कोई व्यक्ति कुप्रवृत्तियों की चपेट में आकर गलती कर बैठता है तो उसका पूरा परिवार स्वयं को समाज से काटकर तनाव का शिकार होकर घातक कदम उठा लेता है। इस बारे में एक प्रसिद्ध विद्वान ने यह निष्कर्ष निकाला था कि 'लोग क्या कहेंगे' यह बात व्यक्ति अपने मन से निकाल दें, क्योंकि लोग किसी के बारे में कुछ नहीं सोचते हैं। यदि सोचते तो दुनिया में परेशानी नाम की कोई चीज नहीं होती। जिनका काम सिर्फ कुछ न कुछ कहना है, वह तो कहते ही रहेंगे। इसलिए सोचने के बजाय आप अपना काम करें, क्योंकि वह न तो आपकी सफलता के लिए मदद करेंगे और न ही असफलता में मदद करने आएंगे। डेल कारनेगी अपनी पुस्तक 'हाऊ टू स्टॉप वरिंग एंड स्टार्ट लिविंग' में लिखते हैं कि हममें से ज्यादातर लोग निंदा के छोटे-छोटे तीरों और भालों को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लेते हैं। अक्सर निंदा करने वाले लोग नकारात्मक भावों से ग्रस्त रहते हैं और अपने जीवन को भी बोझ बना लेते हैं। इसके विपरीत सफल, प्रसन्न, स्वस्थ और प्रभावशाली व्यक्ति हर समय सकारात्मक और ऊर्जायुक्त विचारों का ही प्रयोग करते हैं। इसलिए वे बाधाओं पर भी सहजता से विजय पा लेते हैं। स्वास्थ्य अनुसंधानों से यह प्रमाणित हुआ है कि जो व्यक्ति सकारात्मक विचारों को महत्व देते हैं उनमें इंडोर्फिन नामक हार्मोन अधिक पाया जाता है। अरुणिमा सिन्हा ने जब एक दुर्घटना के बाद माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की बात कही तो निंदकों ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार तक कह डाला था। उन्होंने निंदा की चिंता न करते हुए इस बात की चिंता की कि वह कैसे एवरेस्ट के शिखर तक पहुंच सकती हैं। इसलिए जब कोई आपकी निंदा करे तो धैर्य, मुस्कराहट का छाता खोलकर निंदा की बारिश से स्वयं को बचाएं और जीवन सफल बनाएं। लोगों द्वारा की जाने वाली निंदा से विचलित हुए बगैर अपने पथ पर आगे बढ़ते रहें, निश्चित रूप से सफलता आपकी झोली में होगी और निंदकों का मुंह बंद हो जाएगा।

## संपादकीय

# आंख के बदले आंख वाला फैसला बेहद घातक!

कुख्यात अपराधी अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस घेरे में हत्या को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। दो दिन पहले ही अतीक के बेटे और उसके एक साथी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। अतीक और उसके भाई को शनिवार को प्रयागराज के एक अस्पताल में चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया था। वहीं पत्रकार बन कर आए तीन बदमाशों ने दनादन गोलियां चलाईं और दोनों की हत्या कर दी। फिर तीनों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह सब इतना जल्दी हुआ कि जैसे पुलिस भी हरकत में नहीं आ सकी। पहले ही अतीक के बेटे की मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर विपक्ष योगी सरकार पर निशाना साध रहा था, अतीक की हत्या के बाद वह और तीखा आक्रमण कर रहा है। यह समझना मुश्किल है कि क्या वजह है कि जब उत्तर प्रदेश पुलिस बदमाशों के खिलाफ इतनी सख्ती बरत रही है, तब भी बदमाशों के हौसले पस्त नहीं पड़ रहे। वहां बदमाश इतने बेखौफ क्यों हो गए



हैं कि पुलिस घेरे के बीच घुस कर दनादन गोलियां चला कर दो कैदियों को मार डालते हैं। क्या इससे यह जाहिर नहीं होता कि उत्तर प्रदेश पुलिस चुनिंदा अपराधियों के खिलाफ ही सख्ती बरत और अपनी बहादुरी का प्रदर्शन कर रही है। अतीक अहमद लगातार कहता आ रहा था कि उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ दिखा कर उसकी हत्या करना चाहती है। अपनी सुरक्षा की गुहार उसने सर्वोच्च न्यायालय में भी लगाई थी, जब उत्तर प्रदेश पुलिस उसे गुजरात से प्रयागराज लाना चाहती थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को उसे कैमरे की नजर में रखने और लाने-ले जाने का निर्देश दिया था। वैसे भी मुठभेड़ को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट दिशा-निर्देश है, जिसमें मुठभेड़ में शामिल लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करानी पड़ती है। फिर जब अतीक ने सर्वोच्च न्यायालय में पहले ही अपनी हत्या की आशंका जाहिर कर दी थी, तो उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ जैसी किसी भी स्थिति को लेकर सतर्क थी। ऐसे में विपक्षी दलों के इस आरोप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पुलिस ने चिकित्सीय जांच के लिए ले जाते वक्त जानबूझ कर लापरवाही बरती। क्या वजह है कि बदमाशों पर पुलिस की तरफ से एक भी गोली नहीं चलाई गई। पुलिस ने किस भरोसे के साथ मीडिया कर्मियों को अतीक और उसके भाई के बिल्कुल करीब तक जाने दिया। क्या वह भूल गई थी कि अतीक कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि कुख्यात बदमाश है। ऐसे लोगों के बहुत सारे दुश्मन हो सकते हैं, जो ऐसे मौकों का लाभ उठा सकते हैं। दरअसल, अतीक और उसके भाई की हत्या के बाद इसलिए भी उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला हो रहा है कि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी अपराध करेगा, उसे 'ठोक' दिया जाएगा। अब तक योगी के शासन काल में पांच हजार से अधिक मुठभेड़ें हो चुकी हैं, जिनमें एक सौ अस्सी से अधिक 'बदमाशों' को मार गिराया गया है। इस तरह बहुत सारे मामलों में न्यायालयों से बाहर उत्तर प्रदेश पुलिस खुद 'इंसाफ' कर चुकी है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सेहत से खिलवाड़

तंबाकू और पान-मसाला की बिक्री को लेकर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की, उसे इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति को आईना दिखाना माना जा सकता है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जहां तंबाकू के सेवन से गंभीर रोग होने की जानकारी देने और इस खतरनाक पदार्थ का सेवन छोड़ने का संदेश देने वाले विज्ञापनों के जरिए आम लोगों को सचेत और जागरूक किया जाता है, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए घातक साबित होने वाली चीजों की सरेआम बिक्री चलती रहती है। इसी मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि गुटखा बेचना कोई अमृत बेचना नहीं है; इस पर स्थायी तौर पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती? जाहिर है, अदालत ने एक तरह से यह बुनियादी सवाल उठाया है कि अगर सरकार यह मानती है कि गुटखा या तंबाकू उत्पादों से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचता है तो इसके उत्पादन और बिक्री को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं है। यह विरोधाभास ही है कि एक ओर देश भर में लोगों की सेहत को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से सख्त नियम-कायदे लागू किए जाते हैं और उन पर अमल सुनिश्चित कराया जाता है, दूसरी ओर रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होने वाली चीजों की बिक्री को लेकर लापरवाही का आलम कायम रहता है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त की 2018 की उस अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिसके जरिए गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और माल ढुलाई पर रोक लगाई गई थी। हाई कोर्ट के उसी आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सही है कि तमिलनाडु सरकार आम लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इन पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन ऐसे नियम क्यों होते हैं कि हर अगले साल नए सिरे से उनके लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ती है? इस सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सही ही पूछा कि हर साल ऐसी अधिसूचना जारी करने के बजाय स्थायी रूप से इस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती! लेकिन तमिलनाडु सरकार की ओर से इसका विचित्र जवाब यह दिया गया कि निर्माता कंपनियां पान-मसाला और तंबाकू अलग-अलग पाउच में बेचती हैं, इसलिए इस पर स्थायी पाबंदी नहीं लगाया जा सकता है। यह समझना मुश्किल है कि इस तरह की दलीलों के जरिए तंबाकू को लेकर नीतिगत फैसलों के किस पहलू को सही ठहराने की कोशिश की जाती है। अगर सरकार तंबाकू आधारित उत्पादों को स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मानती है तो उनकी बिक्री और उससे आगे उत्पादन को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं हो सकता? यह छिपा नहीं है कि गुटखा या तंबाकू आधारित उत्पादों की वजह से कैंसर या अन्य कई गंभीर रोग आज जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या और चुनौती के रूप में सामने है। इसे स्वास्थ्य विशेषज्ञों से लेकर सरकारें तक स्वीकार करती हैं। इससे दूर रहने के लिए विज्ञापनों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

# संगिनी फॉरएवर परिवार कि एक दिवसीय बोलखेड़ा यात्रा संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर एवर के 70 सदस्यों के साथ बोलखेड़ा की धार्मिक यात्रा सम्पन्न हूई । संगिनी ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने बताया कि सुबह बोलखेड़ा यात्रा के लिए रवाना हुए। **सुबह का नाश्ता बस में, फिर बोलखेड़ा में** खानाः इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में भक्ति भावना के साथ में दिनभर कैसे निकल गया पता ही नहीं चला। बस में धार्मिक तम्बोला बबीता अलका शीला अनीता के द्वारा खिलाया गया। सचिव सुनीता गंगवाल के सानिध्य में पूजन विधान करवा कर पूरा दिन आनंद भक्ति से सरोबार रहा। अर्चना पुष्पा बिलाला मिनाक्षी बीना शाह लता चित्रा जी के द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप दिया गया । अलका सेठी के द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम तथा शानदार धार्मिक हाउजी 24 तीर्थंकर के ऊपर बहुत ही सुंदर तरीके से धार्मिक मंत्री अलका के द्वारा खिलाया गया । मिश्रा देवी सरोज छाबड़ा ने कलश स्थापना कर पुण्यार्जन किया सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर पुण्य अनुमोदना की। कोषाध्यक्ष उर्मिला ने बताया कि ग्रुप की सांस्कृतिक मंत्री बबीता जी की 25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ एवं अध्यक्ष शकुंतला महावीर जी बिंदायका की वैवाहिक वर्षगांठ सभी सदस्यों के समक्ष केक काटकर पूरे जोश उत्साह उमंग के साथ मनाई गई , जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए और अंत में जिनालय जी के दर्शन आरती कर जयपुर वापसी हुई ।



# जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर, तथा कस्बे के सभी जिनालयों सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान समस्त दुःखों की निवृत्ति हेतु नमिनाथ भगवान के श्री चरणों में मोक्ष कल्याणक का निर्वाण का सामूहिक रूप से भक्ति भाव के लाडू चढ़ाया गया, कार्यक्रम में सरावगी समाज के संरक्षक प्रेमचंद भंवसा, समाज सेवी केलास कासलीवाल ,सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा ,सुरेश सांघी, राजाबाबु गोधा, केलास कडीला, ओमप्रकाश कासलीवाल, विरेन्द्र दोषी, शांतिलाल सेठी, शांतिलाल धमाणा, राजेश छाबड़ा, कमलेश चोधरी, शिखर गंगवाल, एडवोकेट रवि जैन, विमल कलवाडा, कालू कासलीवाल, ललित कासलीवाल तथा त्रिलोक जैन पीपलू वाले सहित समाज के काफी श्रावक श्राविकाऐं मौजूद थे।


विनम्र श्रद्धांजलि

20 अप्रैल, 2023

बत्तीसवीं पुण्यतिथि

छठी पुण्यतिथि







स्व. श्री जम्बू कुमार जैन

स्व. श्री निर्मल कुमार जैन

परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
आपकी संघर्षमयी छवि, हमारी प्रेरणा का है आधार।

श्रद्धावनत

समस्त इन्द्रलाल शास्त्री परिवार

पिंकसिटी एडवरटाईजिंग कं. प्रा. लि.
जे. एन. एस. कॉर्पोरेशन
इन्द्र एण्ड कम्पनी

# दुर्गापुरा जैन मंदिर में नमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्रप्रभु जी दुर्गापुरा में भगवान नमिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्रद्धालुओं द्वारा निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि निर्वाण लाडू चढ़ाने से पहले अभिषेक शांतिधारा पंडित दीपक शास्त्री ने सम्पन्न करायी।

# नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** बापू नगर स्थित पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चतुर्दशी के दिन नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रचार- प्रसार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातः सभी प्रतिमाओं पर श्रावकों द्वारा अभिषेक करने के उपरांत चांदमल जैन एवं लक्ष्मीकांत जैन ने मूलनायक पद्मप्रभु भगवान पर, ताराचंद अग्रवाल ने आदिनाथ भगवान पर, अशोक कुमार पाटोदी ने मुनीसुव्रतनाथ भगवान पर शांति धारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। पूजा-अर्चना कर अर्घ समर्पण किए। इस इस उपरांत श्रावकों द्वारा भक्ति -भाव से मोक्ष कल्याणक का लाडू चढ़ाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि सायकाल श्रीजी की आरती कर 48 दीपो से भक्तामर की महाआरती की गई।

## जयपुर में 20 से 23 अप्रेल तक होगा चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन

**जयपुर. कासं**

आयुष मंत्रालय भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर में 20 से 23 अप्रेल तक चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ जितेंद्र सिंह कोठारी ने बताया कि सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस मेले का गुरुवार 20 अप्रेल को आयुष राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में उप महानिदेशक आयुष मंत्रालय भारत सरकार श्री सत्यजीत पॉल तथा आयुष विभाग की शासन सचिव श्रीमती विनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। चार दिवसीय इस मेले में आयुष चिकित्सा से संबंधित पांचों पद्धतियों आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क उपचार एवं परामर्श तथा निःशुल्क दवा वितरण भी किया जाएगा ।


श्री सुनील-श्रीमती रेणु बाकलीवाल




दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (20 अप्रैल) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# सुख की नींद चाहिए तो मत भागों इच्छाओं के पीछे, जो मिला है उसका लो आनंदः समकितमुनिजी

## तीनों लोकों का नाथ बनना है तो करें कामना, कामिनी और कंचन का त्याग। तप अनुमोदना सप्ताह के तहत भगवान आदिनाथ की कथा

**नासिक. शाबाश इंडिया**

जीवन में सब कुछ पाने के पीछे मत भागो। सब कुछ किसी को नहीं मिलता लेकिन कुछ न कुछ सबको मिलता है। जीवन में थोड़ी कमियां है लेकिन उसमें भी खुश रहना सीखो। इच्छा को कभी इच्छा करके पूरा नहीं किया जा सकता। इच्छाओं के पैर बड़े होंगे तो सूख की नींद नहीं सो पाएंगे। हमेशा सकारात्मक सोच रख जो उपलब्ध है उसका आनंद ले। दुनिया स्वार्थ से बनी है कब बदल जाएगी पता नहीं चलता। ये विचार श्रमणसंघीय सलाहकार सुमतिप्रकाशजी म.सा. के सुशिष्य आगमज्ञाता, प्रज्ञामहर्षि, वाणी के जादूगर डॉ. समकितमुनिजी म.सा. ने बुधवार को नासिक के आरके स्थानक में तप अनुमोदना सप्ताह के तहत भगवान आदिनाथ कथा के दूसरे दिन व्यक्त किए। उन्होंने महान तपसाधना करने वाले भगवान आदिनाथ के पूर्व भवों की कथा सुनाते हुए कहा कि जिस समय यह ज्ञात हो जाए कि कोई जीव संसार से विदा होने वाला है तब उसे मोह के पाश में मत जकड़ना। उसके सामने आर्तध्यान नहीं करे बल्कि उन्हें धर्म सुनाकर एवं धर्म से जोड़कर भविष्य को सुखी बनाए। मुनिश्री ने कहा कि काम राग, स्नेह राग एवं दृष्टि राग खतरनाक है। तीनों लोकों का नाथ बनना है तो कामना, कामिनी और कंचन



इन तीनों का त्याग करो। उन्होंने कहा कि पुत्र यदि कहना नहीं माने तो पिता को चाहिए कि वह धर्म का कहना माने। दुनिया वाले तब तक मानते है जब तक उसका स्वार्थ पूरा होता है।

### जीवन के अंतिम पलों में धर्म का आलंबन जरूरी

पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने कहा कि बच्चे कार्य करने योग्य हो जाए तो घर के बड़ो को घर (संसार) से निवृत हो कर संयम में उपस्थित हो जाना चाहिए। जीवन के अंतिम पलों में धर्म का आलंबन जरूरी है। जिनवाणी सुनने-सुनाने का मौका पंचम आरे के अंत तक ही है। सुज्ञ ही समय रहते चेत जाते है। आगम में कहा है वह श्रावक परित संसारी बनता है जो जिनवचनों में अनुरक्त रहता है। ऐसे में जिनवाणी में हमारी असीम आस्था रहनी चाहिए। धर्मसभा में पूज्य विजयमुनिजी म.सा., भूषणमुनिजी म.सा., भवान्त मुनिजी म.सा. एवं जयवंत मुनिजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। पूज्य समकितमुनिजी म.सा. के मुखारबिंद से भगवान आदिनाथ की कथा का वाचन 23 अप्रेल तक प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक होगा। समकितमुनिजी के सानिध्य में 23 अप्रेल को अक्षय तृतीया वर्षीतप पारणोत्सव का आयोजन होगा। पूज्य समकितमुनिजी का वर्ष 2023 का चातुर्मास पूना के आदिनाथ जैन स्थानक भवन के लिए घोषित है जहां चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 25 जून को होगा।

# जनकपुरी में जैनधर्म के 21वें तीर्थंकर देवादिदेव श्री 1008 नमिनाथ भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में बुधवार को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ 21 वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया । प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की नमिनाथ जी का जन्म मिथिला के इक्ष्वाकु वंश में श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अश्विनी नक्षत्र में हुआ था। इनकी माता का नाम विप्रा रानी देवी और पिता का राजा विजय था इनका चिन्ह नील कमल था तथा निर्वाण सम्मेद शिखर पर्वत पर हुआ था। प्रातः अभिषेक शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड वाचन कर भगवान के निर्वाण कल्याणक को लाडू समर्पित कर सामूहिक रूप से धर्म प्रभावना के साथ वास्तविक अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमे समाज के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही।



# हीरा पथ जैन मंदिर में भगवान नमीनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में आज जैन धर्म के 21 वे तीर्थंकर नमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव पर मंदिर जी निर्वाण लाडू बड़े ही भक्ति भाव से चढ़ाया गया। इस मांगलिक अवसर पर ब्रह्मचारी दीपक राज जी, शांति कुमार, देवेंद्र कुमार, पवन,पंकज जी एवम समाज के श्रेष्टिगण ने पुण्यार्जन प्राप्त किया।


## तीये की बैठक



Godha Publicity 9828270282

हमारी पूजनीय माताजी

**कमला देवी जैन**

धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री टीकमचंदजी झाँझरी

का आकस्मिक निधन 18/04/2023 को हो गया है। तीये की बैठक गुरुवार 20/04/2023 को प्रात: 8.30 बजे भट्टारकजी की नसिया ( छतरी वाला संभाग ) नारायणसिंह सर्किल जयपुर पर होगी।

:शोकाकुल:

महावीरप्रसाद ( चाचा ससुर ) कैलाशचंद , पदमचंद , पारसकुमार ,महावीरकुमार , सुशीलकुमार,अंकित ( देवर ),विकासचंद-अनिला ,अनीता,जयकुमार-कविता ( पुत्र -पुत्रवधू ) नीरज,अरूण, मनोज,हिमांशु,आशीष,अक्षय, ( भतीजे ), इंदू-सुशीलजी गंगवाल ,सुमन-अजीतजी चाँदवाड़( पुत्री - दामाद ) , लीनू -मनीष , ज्योति- आशीष , इशू-पुनीत, गुंजन- अंकित ( दोहिती-दोहिती दामाद ), विनय -दिव्या , प्रतीक-श्वेता ( पौत्र - पौत्रवधू ) रिषभ ( पौत्र ), आदित्य ( दोहिता ) प्रगति , प्रतीक्षा ( पौत्री ) एवं समस्त झाँझरी परिवार रेनवालमाँजी वाले, जयपुर, 7568180087, 9428429658 पीहर पक्षरू-कमला देवीजी ( भाभी ) श्रेयांशजी,कमलजी ,पवनजी( भ्राता ) , पारसजी, संजयजी ( भतीजा ), पुष्पाजी -प्रेमचंदजी ( बहन बहनोई )


# स्वर्गीय श्रीमती भगवानी देवी की पुण्य तिथि पर की पूजा



**झूमरी तिलैया. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर में देवाधिदेव 1008 श्री चंदप्रभु भगवान का प्रथम अभिषेक शांतिधारा अजमेरा परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात आज अशोक विनोद, सुनील, मुकेश, राज कुमार अजमेरा द्वारा अपनी मातेश्वरी श्रीमति भगवानी देवी अजमेरा की पुण्यतिथि पर पूजन अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज के मंत्री ललित सेठी ,उप मंत्री राज छाबड़ा,सुरेश झांझरी, सुशील छाबडा,प्रदीप छाबड़ा, सुशील पांड्या,सुरेन्द काला, मनीष सेठी ,संदीप सेठी ,वार्ड पार्षद पिंकी-नवीन जैन,महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी,कमला देवी पांड्या, रजनी जैन ,अलका,पिंकी सेठी लालगोला से विजय छाबड़ा,राज कुमार छाबड़ा,विमल छाबड़ा, संतोष छाबड़ा,दिल्ली से अरुण-संतोष छाबडा,कोलकोत्ता से ,विभोर-रुचिका सेठी,बैंगलोर से पुनीत-निधि अजमेरा,जयपुर से अशोक-मंजू,सुमित-नेहा अजमेरा, गुवाहाटी से मनोज-आशा गंगवाल ,बाराबंकी से धीरज-सिंपी सेठी ,रांची से भाग चंद -पुष्पा अजमेरा, सुमेर-माधुरी अजमेरा, सुरेश-कमोद अजमेरा, हजारीबाग से तीर्थ क्षेत्र कमेटी के क्षेत्रीय मंत्री राज कुमार -मंजू अजमेरा, संजय-रश्मि अजमेरा के साथ विशेष रूप से कुणाल,मिहिर गंगवाल ओर अर्हम अजमेरा ने अपनी श्रदांजलि अर्पित की। साथ ही कोडरमा समाज के अध्यक्ष प्रदीप पांड्या ओर मंत्री ललित सेठी ने भी अपनी श्रद्धांजलि देते हुवे कहा कि श्रीमति अजमेरा बहुत ही धार्मिक महिला थी इनकी कमी को पूरा नही किया जा सकता है ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दो दिवसीय तकनीकी परीक्षण के सेमिनार का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा दो दिवसीय तकनीकी परीक्षण के सेमिनार का आयोजन जयपुर के श्री राम कुश्ती एकेडमी व फिटनेस सेंटर गांधी पथ मै किया गया इस तकनीकी शिविर में संपूर्ण भारत से 22 राज्यों के लगभग 200 से प्रतिभागियों ने भाग लिया इस तकनीकी सेमीनार में पहले दिन कॉम्बैट खेल के विषय में संपूर्ण जानकारी कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय राय द्वारा मेट पर प्रशिक्षण मौखिक रूप से दिया गया दूसरे दिन लिखित परीक्षा के साथ सभी रेफरी व कोच को प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सतवीर चौधरी जी वाइस चेयरमैन राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल राजस्थान यूथ अफेयर्स राजस्थान सरकार एवं एवं अतिथि सुखबीर गुर्जर विधायक प्रतिनिधि विराटनगर वह मोतीराम चोपड़ा जी अध्यक्ष व्यापार मंडल गांधी पथ शिवराम चोपड़ा एमडी कैंब्रिज कैंपस स्कूल राजस्थान कुश्ती अध्यक्ष नसीब चौधरी पहलवान राजस्थान केसरी रमेश पहलवान राजेंद्र खत्री कुश्ती कोच हरियाणा राजस्थान कॉम्बैट के अध्यक्ष अशोक पहलवान एवं महासचिव निरंजन शर्मा ने बताया कि इस सेमिनार में भिन्न- भिन्न प्रदेशों से आए खिलाड़ी ने शिरकत की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार जी ने सभी राज्यों से आए प्रतिभागियों एवं अतिथियों को का धन्यवाद किया एवं कॉम्बैट खेल को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया कार्यक्रम के दोनों दिन मंच का संचालन चंडीगढ़ से अध्यक्ष मनोज धूल जी ने किया धन्यवाद।

# सूर्य नगर निवासी समृद्धि ठोलिया को मिले 2 गोल्ड मेडल




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आई आई एस यूनिवर्सिटी में अध्ययन करते हुए सूर्य नगर तारों की कूंट निवासी युवा समाजसेवी एवं मुनिभक्त मनोज ठोलिया की सुपुत्री कुमारी समृद्धि जैन ( ठोलिया ) को हाल ही बी.एस सी में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सुश्री जैन ने ज्वेलरी डिजाइन में भी तीनों साल टॉप करते हुए एक और गोल्ड मेडल हासिल किया। समारोह के मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे। सुश्री जैन की इस विशेष उपलब्धि पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष बैद सहित कई समाज बन्धुओं ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी है।

# नॉर्दन रीजन द्वारा सेवा कार्य से सत्र का शानदार आगाज



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दन रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सामाजिक सरोकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए सुकन्या समृद्धि योजना में अपना योगदान दिया। जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में सत्र 2023- 25 के लिए सुकन्या समृद्धि योजना को रीजन के सिग्नेचर प्रोजेक्ट के रूप में प्रारम्भ किया गया। योजना की शुरूआत 70 कन्याओं के लिए पांच पांच हजार रुपए जमा कराकर की गयी। इंटरनेशनल फेडरेशन के अध्यक्ष ने मुख्य सलाहकार के रूप में राकेश जैन ,चीफ कोऑर्डिनेटर महेंद्र गिरधरवाल एवं कोऑर्डिनेटर महेंद्र सिंघवी चेयरमैन नॉर्दन रीजन, सिद्धार्थ जैन सचिव नॉर्दन रीजन को नियुक्त किया। योजना का क्रियान्वन जनसहयोग से किया जायेगा। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, इंटरनेशनल फेडरेशन प्रेसिडेंट अमीश दोषी, वाइस प्रेसिडेंट ओवरसीज राजेंद्र बोहरा, इंटरनेशनल डायरेक्टर एचएल मेहता , नॉर्दन रीजन के संस्थापक अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व चेयरमैन नॉर्दन रीजन महेंद्र गिरधरवाल, नॉर्दन रीजन के चेयरमैन श्री महेंद्र जी सिंघवी, नॉर्दन रीजन सचिव सिद्धार्थ जैन, पूर्व रीजन चेयरमैन उजास जैन, सीएस जैन,प्रदीप जैन आदि कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।



# स्वर्गीय नगेंद्र बाकलीवाल की पुण्य तिथि पर शांति धारा एवम अभिषेक किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वर्गीय श्री नागेंद्र बाकलीवाल पुत्र प्रेमचंद बाकलीवाल थड़ी मार्केट मानसरोवर की 24 वी पुण्यतिथि के अवसर पर शांति धारा एवं प्रथम अभिषेक, शांति विधान पूजा सेक्टर 11 थड़ी मार्केट मानसरोवर पर संपन्न हुई। राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर मुकेश , सुनील, अनिल, सुधीर, राजकुमार गंगवाल अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया । अध्यक्ष पवन नगीना वाले और मंत्री अनिल बाकलीवाल भी उपस्थित रहे ।



# वयशाख चतुर्दशी श्यामा, भगवान नमिनाथ के जयकारों से गूंजे जिनालय

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्मावलंबियों द्वारा जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बुधवार को भक्तिभाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के जिनालय भगवान नमिनाथ के जयकारों से गूंज उठे। वहीं जैन धर्म के सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ का जन्म,तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव गुरुवार को भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने



बताया कि बुधवार भगवान नमिनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाकर मोक्ष कल्याणक श्लोक ''वयशाख चतुर्दशी श्यामा। हनि शेष वरी शिववामा। सम्मेदथकी भगवंता। हम पूजें सुगुन अनन्ता।'' का सामूहिक उच्चारण कर जयकारों के बीच मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। इससे पूर्व श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इस मौके पर तारों की कूंट स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सायंकाल भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान दीप महाअर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें धनराज-श्रीमति कमलेश जैन,शिखर चन्द जैन, सुशील झांझरी,शरद हैदरी के निर्देशन में 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, मंदिर अध्यक्ष नवीन जैन, मंत्री धनेश सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक गुरुवार,20 अप्रैल को जैन धर्म के सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ के तीन कल्याणक दिवस मनाएं जाएगे। जिनमें जन्म,तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर भगवान कुन्थुनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तथा कल्याणक दिवसों के अर्घ्य चढ़ाएं जाएंगे। मोक्ष का प्रतीक निवाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। महाआरती से समापन होगा। श्री जैन ने बताया कि शनिवार,22 अप्रैल को अक्षय तृतीया महापर्व भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मुनि के रूप में प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। त्याग की महिमा दर्शाते हुए जगह जगह दान देने के आयोजन किये जाएंगे।